भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD

# आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) एवं सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) में ग्रेड 'बी' अधिकारियों की सीधी भर्ती - पैनल वर्ष 2026

## ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

### चरण-I

1. परीक्षा की योजना और टेस्ट विवरण निम्न अनुसार है :

आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (आनीअवि) के लिए

| पाली | प्रश्नपत्र का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| पूर्वाह्न | प्रश्नपत्र – I<br>वस्तुनिष्ठ स्वरूप<br>(अर्थशास्त्र पर) | 65 वस्तुनिष्ठ प्रकार (4 विकल्प) बहुविकल्पी प्रश्न (1 अंक के 30 प्रश्न और 2 अंक के 35 प्रश्न - कुल 100 अंक) | 100 | 120 मिनट |
| अपराह्न | प्रश्नपत्र – II<br>वर्णनात्मक प्रकार<br>(अंग्रेजी पर)<br>(कीबोर्ड की मद्द से टाइप करना है) | (प्रश्नों की संख्या – 4)<br>अंग्रेजी का प्रश्नपत्र इस प्रकार बनाया जाएगा कि लेखन कौशल का मूल्यांकन किया जा सके, अभिव्यक्ति तथा विषय की समझ शामिल है | 100 | 120 मिनट |
| | **कुल** | | **200** | **240 मिनट** |

**टिप्पणी**:

1. **प्रश्नपत्र-I : वस्तुनिष्ठ प्रकार -** गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। 1 अंक के प्रश्नों के लिए 1/3 अंक, 2 अंक के प्रश्नों के लिए 1/2 अंक ऋणात्मक अंकन होगा।
2. कोई गणितीय टेबल, इंजीनियरिंग टेबल, कैलकुलेटर या संचार उपकरण (सेल फोन सहित) की आपूर्ति या उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन उपकरणों को उम्मीदवारों को अपने साथ रखने की अनुमति भी नहीं दी जाएगी। इस नियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है।
3. **प्रश्नपत्र-I (अर्थशास्त्र पर वस्तुनिष्ठ प्रकार) के लिए** - प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी द्विभाषी रूप में उपलब्ध होंगे। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा ।
4. **प्रश्नपत्र-II : अंग्रेजी (वर्णनात्मक प्रकार) :** अंग्रेजी का प्रश्नपत्र अभिव्यक्ति और विषय की समझ सहित लेखन कौशल के मूल्यांकन के लिए होगा। इस प्रश्नपत्र में निबंध लेखन, संक्षेपण/सार लेखन, परिच्छेद लेखन, औपचारिक पत्र प्रारूपण, शब्दावली परीक्षण अभ्यास और बोधगम्यता आदि पर आधारित प्रश्न होंगे। उम्मीदवारों को उत्तर कंप्यूटर की-बोर्ड की मदद से टाइप करने होंगे।
5. बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के संबंध में चरण-I के प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-II के लिए तय किए गए न्यूनतम कुल अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को चरण-II के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

   यह परीक्षा दो पालियों में होगी। उम्मीदवारों को दोनों पालियों में उपस्थित होना आवश्यक है। कृपया ध्यान दें कि प्रश्नपत्र-I और प्रश्नपत्र-II के बीच में एक अंतराल होगा। तिथी, समय, परीक्षा/पाली का प्रश्नपत्र बार अवधि और परीक्षा केंद्र प्रवेश

पत्र में दर्शाया गया है। कृपया ध्यान दें कि दोनों पालियों के लिए केवल एक प्रवेशपत्र जारी किया **जाएगा। आनीअवि संवर्ग के लिए चरण- I परीक्षा की दोनों पालियों के लिए केवल एक एडमिट कार्ड जारी किया जाता है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आनीअवि संवर्ग के लिए चरण- I परीक्षा की दोनों पालियों के लिए एक ही प्रवेश पत्र साथ लाएं। प्रवेशपत्र आरबीआई की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।**

**<u>सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग (सांसूप्रवि) के लिए</u>**

| **प्रश्नपत्र का नाम** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **अवधि** |
|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र - I : वस्तुनिष्ठ प्रकार (सांख्यिकी पर) | 20 | 100 | 120मिनट |

1. **आपके द्वारा चिह्नित गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन होगा। आपके द्वारा चिह्नित प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 5/3 अंक दंडस्वरूप काटा जाएगा।**
2. जो उम्मीदवार, रिक्तियों की संख्या के संबंध में बोर्ड द्वारा प्रश्नपत्र-I में तय किए गए निर्धारित न्यूनतम कुल अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें परीक्षा के चरण II (प्रश्नपत्र-II और प्रश्नपत्र-III) के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।
3. **प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी होंगे।**
4. **परीक्षा की अवधि** 120 **मिनट की होगी। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा।**

परीक्षा का समय और स्थान प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है जिसे उम्मीदवारों को भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट <u>www.rbi.org.in</u> से डाउनलोड करना होगा। सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों के रोल नंबर भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

**आनीअवि और सांसूप्रवि** दोनों के लिए

**परीक्षा में आनीआवि के उम्मीदवारों को सामान्य (सिंपल) कैलकुलेटर का प्रयोग करने की तथा सांसूप्रवि उम्मीदवारों को नॉन-प्रोग्रामेबल कैलकुलेटर का प्रयोग करने की अनुमति है। ऐसा कैलकुलेटर स्क्रीन पर उपलब्ध कर दिए जाएंगे ।**

प्रत्येक परीक्षा (**आनीअवि :** प्रश्नपत्र-I, प्रश्नपत्र-II और **सांसूप्रवि :** प्रश्नपत्र-I) के लिए समय 120 मिनट है, हालांकि आपको उपस्थिति अंकन, फोटो पहचान पत्र की फोटोकॉपी के साथ प्रवेश पत्र जमा करने, लॉगइन करने आदि के लिए आवश्यक समय सहित लगभग 180 मिनट के लिए आयोजन स्थल पर रहना पड़ सकता है।

प्रश्नपत्र हिंदी और अंग्रेजी द्विभाषी रूप में होगा (आनीअवि **:** चरण-I के प्रश्नपत्र-II को छोड़कर जो कि अंग्रेजी में होगा)। उम्मीदवारों को प्रश्नों को हिंदी या अंग्रेजी में चुनने का विकल्प मौजूद होगा। भाषा के विकल्प का चुनाव परीक्षा के आरंभ में करना होगा। भाषा का विकल्प चुनने के बाद भी आवश्यकतानुसार आप दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे। प्रश्नों के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प पर क्लिक करके दिए जाएंगे।

## 2. ऑनलाइन परीक्षा के लिए परिचालन अनुदेश (चरण-I : आनीअवि का प्रश्नपत्र-I और चरण-I : सांसूप्रवि का प्रश्नपत्र-I)

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे । (आनीआवि के प्रश्नपत्र II को छोडकर)

(3) उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नं. आदि) डिस्प्ले होगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे। <u>उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रदर्शित की गई प्रोफाइल उसी की है। यदि कोई विसंगति हो तो उसे परीक्षा शुरू होने से पहले **केंद्र समन्वयक/केंद्र प्रभारी/केंद्र अधिकारी** की जानकारी में लाएं।</u>

(4) सभी प्रश्नों के बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के चार (04) उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। उम्मीदवार को सही उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, मूल्यांकन के लिये तभी मान्य होगा **जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" के साथ सबमिट किया हो अथवा "Marked for Review & Next" पर क्लिक किया हो।**

(5) उम्मीदवार को अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना है तथा स्क्रीन पर नीचे दिए 'चेकिंग' बॉक्स क्लिक पर करके यह दर्शाना है कि उसने अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ लिए हैं । तब उसके बाद 'I am ready to begin' बटन एक्टिवेट हो जाता है।

(6) 'I am ready to begin' बटन पर क्लिक करने के पश्चात परीक्षा का वास्तविक समय प्रारम्भ हो जाएगा।

(7) एक समय पर एक ही प्रश्न दिखाई देगा ।

(8) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है और उम्मीदवार को परीक्षा को समाप्त या सबमिट नहीं करना होगा।

(9) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है:

1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे उम्मीदवार ने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि उम्मीदवार ने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

(10) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए उम्मीदवार को निम्नलिखित में से एक करना है:

क. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का उम्मीदवार का उत्तर **सेव नहीं होता** है।

ख. मौजूदा प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **Save and Next** पर क्लिक कीजिए।

ग. मौजूदा प्रश्न का उत्तर सेव करने, के लिए तथा अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(11) वस्तुनिष्ठ उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(12) वस्तुनिष्ठ उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(13) उत्तर सेव करने के लिए उम्मीदवार को **Save & Next** पर क्लिक करना होगा।

(14) चुना गया वस्तुनिष्ठ उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(15) पुनरीक्षण के लिए प्रश्न चिन्हित करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** के लिए चिन्हित प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(16) किसी वस्तुनिष्ठ प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(17) जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि केंद्र समन्वयक/केन्द्र प्रभारी/केन्द्र अधिकारी के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार बोर्ड द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओ में बैठने से वंचित किए जाने के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्र समन्वयक/केंद्र प्रभारी/केंद्र अधिकारी_से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी शंका का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(20) परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) की समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। परीक्षा का समय समाप्त होने पर उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

(21) उम्मीदवार को रफ कार्य करने के लिए या उत्तर देने से पूर्व प्रश्नों को पुनरीक्षण हेतु चिन्हित करने के लिए एक शीट दी जाएगी। वस्तुनिष्ठ परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात उम्मीदवार शीट को रखे। वस्तुनिष्ठ परीक्षाएं हो जाने के बाद, रफ कार्य करने के लिए उम्मीदवार को जो शीट दी गई है उसे परीक्षा परिसर छोड़ कर जाने से पहले, केंद्र समन्वयक/केंद्र प्रभारी/केंद्र अधिकारी को अवश्य लौटा दें।

(22) **कृपया नोट करें :-**

(क) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "finally submit" करने नहीं दिया जाएगा।**

(ख) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

(23) **आनिअवि प्रश्नपत्र-II - अंग्रेजी (वर्णनात्मक प्रकार) -** प्रश्न कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाएंगे और उत्तर कंप्यूटर की-बोर्ड की मदद से टाइप करने होंगे।

1. परीक्षा देने हेतु अलग से लॉग-इन की आवश्यकता है।
2. एक समय में केवल एक प्रश्न प्रदर्शित किया जाएगा।

.3 प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उत्तर की बोर्ड की सहायता से उसी के लिए प्रदान किए गए स्थान में-अंग्रेजी में टाइप किए जाने हैं।

**कृपया ध्यान दें: "लिखते समय यदि आप 'स्पेस बार' दबाते हैं और फिर 'एंटर' कुंजी दबाते हैं, तो कर्सर अगली पंक्ति में नहीं जाएगा। हालाँकि, यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'Enter' कुंजी दबाते हैं, तो कर्सर अगली पंक्ति में चला जाएगा। आपको यह भी ध्यान देना चाहिए कि 'स्पेस बार'/'एंटर' कुंजी को एक ही उदाहरण में कई बार दबाया जाता है, तो सिस्टम द्वारा केवल एक ही कीस्ट्रोक (यानी एक स्थान और एक अगली पंक्ति में प्रवेश) लिया जाएगा।**

## 3. <u>सबमिशन के बारे में -</u>

1. उम्मीदवारों को परीक्षा के पूर्ण समय की समाप्ति से पूर्व अपने उत्तरों को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी।
2. उम्मीदवार अपना उत्तर केवल सबमिट करने से पूर्व ही बदल सकता/सकती है ।
3. परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः ही सेव कर लिए जाएंगे।

## 4. <u>सामान्य अनुदेश :</u>

(1) कृपया प्रवेश पत्र में दिए गए पंजीकरण क्रमांक, रोल नंबर, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें । गेट बंद होने के समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में उपस्थित होने की किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी।

आपको प्रवेश पत्र जारी किया गया है इसका यह अर्थ नहीं है कि बोर्ड द्वारा आपकी उम्मीदवारी को अंततः स्वीकृति दे दी गई है अथवा परीक्षा के अपने आवेदन में आपके द्वारा भरी गई प्रविष्टियों को बोर्ड ने सत्य और सही मान लिया है । यह नोट कर लिया जाए कि चरण-I और चरण-II के परीक्षा के परिणाम के आधार पर जो उम्मीदवार क्वालीफाई करेंगे, केवल उनके साक्षात्कार के समय पर बोर्ड पात्र उम्मीदवारों की आयु, शैक्षणिक योग्यता, और वर्ग (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अपिव/बैंचमार्क दिव्यांग/ईडब्ल्यूएस) आदि का मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सत्यापन करेगा । इसलिए आप कृपया यह नोट कर लें कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड की संतुष्टि नहीं करते हैं अथवा आवेदन में आपके द्वारा दी

गई जानकारी गलत है तो ऐसी किसी कार्रवाई जिसे बोर्ड/भारतीय रिज़र्व बैंक करना चाहेगा के साथ आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । आप कृपया नोट कर लें कि प्रवेश पत्र भारतीय रिजर्व बैंक में रोजगार का प्रस्ताव नहीं है ।

(2) **उम्मीदवार परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले परीक्षा केंद्र जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन वे समय पर रिपोर्ट कर सकें ।**

(3) उम्मीदवार अपना पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा केंद्र पर साथ लाएं। (वही फोटो चिपकाएं, जो पंजीकरण के समय अपलोड किया गया था)

(4) कृपया वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण मूल रूप में और उसकी एक फोटोकापी भी साथ लाएं - **यह अनिवार्य है। इन दस्तावेजों के बिना आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा।** कृपया प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी समुचित रूप से स्टेपल करके अभिजागर/ केंद्र प्रभारी को सौंप दे। वर्तमान में वैध निर्धारित फोटो पहचान प्रमाण हैं-पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक पत्रशीर्ष पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान फोटो पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र।

**कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।** स्टाफ उम्मीदवारों को आरबीआई द्वारा जारी पहचान पत्र लाना होगा । कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया उम्मीदवार का नाम (जैसे आपने पंजीकरण के दौरान दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम से बिल्कुल मिलना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पर विशेष ध्यान दें। प्रवेश पत्र पर और फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना या अपना विवाह प्रमाण पत्र या शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी ।

(5) बायोमैट्रिक डेटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा शुरू होने से पहले लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डेटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। बायोमैट्रिक डेटा कैप्चरिंग के संबंध में कृपया निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान दें

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें अच्छी तरह से धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं का पालन न करने पर परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।)

(6) फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और दिव्यांगजन उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(7) परीक्षा स्थल पर केंद्र समन्वय / केंद्र प्रभारी और भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। यदि आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और तुरंत परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(8) परीक्षा के दौरान भौतिक कैल्कुलेटरों (पृथ्क या घड़ी के साथ), पुस्तकों, नोट बुकों, लिखित नोट्स, पेजर अथवा ऐसे ही इलेक्ट्रानिक संचार उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति **नहीं** होगी । उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि पेजर सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि उनकी सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है । जो उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी दूसरे उम्मीदवार से/को सहायता लेने/देने सहित किसी अनुचित साधन या कदाचार का सहारा लेते हुए पाया गया, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उनके उत्तरों की नकल न कर सके ।

(9) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे, बोर्ड ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ मौजूदा कानून के प्रावधानों के तहत यथोचित कार्रवाई कर सकता है।

(10) उम्मीदवार को अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन (नीला/काला) लाना चाहिए। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पृष्ठ दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले उम्मीदवार को प्रवेश पत्र के साथ कागज का यह पृष्ठ तथा पहचान प्रमाणपत्र की प्रति अभिजागर/ केंद्र प्रभारी को सौंप देना है।

(11) जो उम्मीदवार छल रूप धारण करने अथवा ऐसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने जिनके साथ छेडछाड की गई हो अथवा ऐसे बयान देने जो गलत या मिथ्या हों अथवा किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने अथवा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अन्य अनियमित या अनुचित माध्यम का प्रयोग करने अथवा परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयास करने अथवा परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार करने का दोषी है या जिसे बोर्ड द्वारा दोषी घोषित किया गया है, उसे स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए -

- (i) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों के चयन हेतु ली गई किसी परीक्षा में प्रवेश अथवा साक्षात्कार में उपस्थिति से बोर्ड द्वारा, प्रतिबंधित होगा और
- (ii) बैंक द्वारा उसके रोजगार से प्रतिबंधित होगा, और
- (iii) यदि बैंक की सेवा में आ चुका हो, तो उचित नियमों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा ।

(12) **<u>बैंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडबल्यूबीडी) के लिए नोट :</u>**

- (i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय केवल उन्हीं निःशक्तजनों को अनुमत किया जायेगा जिन्हें गति सहित लिखने, टाईप करने में शारीरिक रूप से असुविधा हो और और दिशा-निर्देशों के अनुसार स्क्राइब की सुविधा लेने के लिए पात्र हैं। तथापि परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय, सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को प्रदान किया जाएगा भले ही उन्होंने किसी स्क्राइब का विकल्प अपनाया हो या स्वयं लिखते हों या मैग्नीफायर जैसे उपकरणों की सहायता से स्वयं लिखते हों।
- (ii) जो बैंचमार्क दिव्यांग उम्मीदवार, स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं, आवश्यक अनुदेशों को **अवश्य** डाउनलोड कर लें और ध्यान से **पढ़** लें । इन्हें आरबीआई की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।
- (iii) परीक्षा के दिन, इन उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-VIII** और **परिशिष्ट-IX** में प्रोफार्मा के अनुसार लिखने के लिए शारीरिक सीमाओं और लेटर ऑफ अंडरटेकिंग फॉर्म के बारे में चिकित्सा प्रमाण पत्र की एक प्रति भी जमा करनी होगी, जो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध उक्त भर्ती के लिए विज्ञापन की विस्तृत सूचना के तहत दी गई है।
- (iv) सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को स्क्रीन पर मैग्नीफायर की सुविधा का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

(13) **विनिर्दिष्ट दिव्यांगजन RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2(s) की परिभाषा के तहत शामिल हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात 40% से कम दिव्यांगता वाले उम्मीदवार जिन्हें लिखने में कठिनाई वाले व्यक्तियों के लिए नोट:**

- (i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति उन उम्मीदवारों को दी जा सकती है, जो RPwD अधिनियम, 2016 की धारा 2 (s) की परिभाषा के तहत विनिर्दिष्ट दिव्यांग हैं, लेकिन उक्त अधिनियम की धारा 2(r) की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते हैं, अर्थात ऐसे व्यक्ति जिनकी दिव्यांगता 40% से कम हो और जिन्हें लिखने में कठिनाई हो और जो लेखन सहायक (स्क्राइब) की सुविधा पाने के पात्र हों।
- (ii) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें उनके लिए दिए गए निर्देशों को डाउनलोड कर ध्यान से पढ़ना होगा, जिसे आरबीआई की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
- (iii) परीक्षा के दिन, इन उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-XI** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण और **परिशिष्ट-X** में प्रोफार्मा के अनुसार चिकित्सा प्रमाण पत्र की एक प्रति भी प्रस्तुत करनी होती है, जो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध उक्त भर्ती के लिए विज्ञापन की विस्तृत सूचना के तहत दी गई है।

(14) परीक्षा की व्यवस्था में कुछ समस्या आने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जिससे परीक्षा की डिलिवरी तथा/अथवा परिणाम आने पर प्रभाव पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में विलंब शामिल हैं । परीक्षा का पुनः आयोजन पूर्णतः भारिबैं सर्विसेज़ बोर्ड/परीक्षा संचालित करने वाले निकाय का निर्णय होगा । पुनः परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का कोई दावा नहीं होगा । जो उम्मीदवार स्थानांतरण अथवा विलंब से होने वाली परीक्षा में उपस्थित होना स्वीकार नहीं करेंगे उनकी उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी ।

(15) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनता स्तर के अंतर को एड़जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(16) कृपया ध्यान दें कि ऑनलाइन परीक्षा में (एक चरण के लिए) उम्मीदवार केवल एक बार उपस्थित हो सकता है । ऑनलाइन परीक्षा के (एक ही चरण में) एक से अधिक उपस्थिति के परिणामस्वरूप उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । यदि एक से अधिक प्रवेश पत्र तैयार किए गए हों तो उम्मीदवार केवल एक ही बार परीक्षा के लिए उपस्थित हों । अन्य सभी प्रवेश पत्र अभिजागर/ केंद्र प्रभारी को लौटा दें।

(17) किसी भी रूप में परीक्षा की विषयवस्तु अथवा इसमें दी गई कोई जानकारी पूर्णतः अथवा अंशतः किसी भी साधन वाचिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रॉनिकली अथवा यांत्रिक रूप से, प्रकट करने, प्रकाशित करने, प्रतिकृति करने, संचारित करने, स्टोर करने अथवा संचारित तथा स्टोर करने में सहायता करने का दोषी पाए जाने अथवा परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने अथवा वे उम्मीदवार जिनके कब्जे में अनाधिकृत रूप से परीक्षा सामग्री पाई जाए, पर वाद चलाया जाएगा ।

(18) भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवारों के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों को यात्रा एवं अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा । भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवार इस संबंध में अपने-अपने कार्यालयों से संपर्क करें । बोर्ड उम्मीदवारों के भोजन/निवास की व्यवस्था नहीं करेगा ।

(19) उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन, सूचना पुस्तिका, प्रवेश पत्र, एवं समय-समय पर अभिजागरों द्वारा दिए गए ऑनलाइन परीक्षा अनुदेशों/ दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए । किसी भी अनुदेशों/दिशानिर्देश का उल्लंघन करने पर आपको दंड दिया जा सकता है ।

(20) उम्मीदवार पंजीकरण:

क. उम्मीदवार का पंजीकरण फोटो और बायोमेट्रिक डेटा कैप्चर द्वारा किया जाएगा । ली गई फोटो आवेदन (प्रवेश पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।

ख. फोटोग्राफ उम्मीदवार के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा।

ग. उम्मीदवार को सीट क्रमांक दिया जाएगा।

(21) रफ शीट, प्रवेश पत्र और आईडी प्रमाण प्रबंधन:

क. यदि आवश्यक हो तो, प्रत्येक उम्मीदवार की डेस्क पर रखी रफ शीट का प्रयोग उम्मीदवार द्वारा किया जाए।

ख. जो उम्मीदवार स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाते हैं, उन्हें प्रवेश-पत्र और स्क्राइब की पहचान पत्र प्रमाण प्रति के साथ लिखने में शारीरिक अक्षमता का मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रति और वचनपत्र जमा करना होगा।

ग. उम्मीदवार को कार्यक्रम स्थल छोड़ने से पहले पहचान पत्र की फोटोकॉपी के साथ रफ शीट, प्रवेश पत्र अभिजागर/ केंद्र प्रभारी को सौंपना होगा।

(22) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024” और “The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Rules, 2024” पर ध्यान दें।

---